दिन– गुरुवार दिनांक– 04 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

जीएसटी परिषद ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा कर दी है। आम आदमी, श्रम–प्रधान उद्योगों, किसानों और कृषि, स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था के लिए जीएसटी दरों में सुधार करते हुए उन्हें युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि आम आदमी और मध्यम वर्ग के उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी अठारह तथा बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों और फैमिली फ्लोटर तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए पॉलिसी सहित व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी से छूट को मंजूरी दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं और औषधियों पर जीएसटी को बारह प्रतिशत से घटाकर शून्य तथा कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी को पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। अन्य सभी दवाओं और औषधियों पर जीएसटी बारह प्रतिशत से कम कर पांच प्रतिशत किया गया है।

वित्तमंत्री ने बताया कि ए सी, बत्तीस इंच से बड़े टीवी, डिशवाशिंग मशीन, छोटी कारें और मोटरसाइकिल जैसी वस्तुओं पर जीएसटी दर अट्ठाईस प्रतिशत से घटाकर अठारह प्रतिशत कर दी गई है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि श्रम–प्रधान उद्योगों और किसानों तथा कृषि क्षेत्र को भी इन फैसलों से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सभी कृषि उपकरणों पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया गया है। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाते हुए बारह प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत की दर को समाप्त करके वर्तमान चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया है जबकि पांच प्रतिशत और अठारह प्रतिशत की स्लैब को जारी रखा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम आदमी, किसानों, एम.एस.एम.ई., मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ये सुधार सभी के लिए खासकर छोटे व्यापारियों, व्यवसायों और व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए के बिहार बंद का व्यापक असर देखने को मिला। एनडीए ने दरभंगा में कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माँ पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में यह बंद बुलाया था। बंद का असर पटना, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, शिवहर और भोजपुर सहित सभी जिलों में देखा गया। इस दौरान, भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विधायक, सांसद, जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता महागठबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। एनडीए के घटक दलों की महिला शाखाओं ने भी कई स्थानों पर धरना और विरोध प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर बंद समर्थकों ने वाहनों की आवाजाही रोक दी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।

———————————————————————

राजगीर में खेली जा रही एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में आज सुपर फोर राउंड में भारत का मुकाबला मलेशिया से होगा। कल खेले गये सुपर फोर मुकाबले में भारत और कोरिया के बीच मैच दो—दो की बराबरी पर समाप्त हो गया था।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के चरघरिया में सबसे अधिक चौंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के दक्षिण—पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———————————————————————

पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के महोली फ्लाईओवर के पास सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार कार अपने आगे चल रही ट्रक से जा टकराई, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।